**दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू**

**सत्र: 2025-26**

**अभ्यास कार्य पत्र (अप्रैल)**

**कक्षा -चौथी** **विषय -हिंदी**

**उपविषय- अपठित गद्यांश, भाषा**

**निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

समुद्र के किनारे एक गाँव था-रंगपटनम।उस गाँव के मुखिया का नाम स्वामीनाथन था। उसके पास बहुत-सी नावें थीं।वह बहुत लालची था।गाँव के मछुआरे उसकी नावों से समुद्र में मछलियाँ पकड़ने का काम करते थे।वे जितनी भी मछलियाँ पकड़कर लाते।उन मछलियों को स्वामीनाथन ले लेता था।वह मछुआरों को थोड़ी-थोड़ी मछलियाँ देता और बाकी बची मछलियाँ उसके नौकर शहर में बेच आते थे। उसी गाँव में सरिता नाम की एक लड़की रहती थी।वह अकसर समुद्र के किनारे खेला करती थी। यदि कोई मछली लहर के साथ तट पर ही रह जाती,तो वह उसे उठा कर वापस समुद्र में डाल देती थी।मछुआरों के जाल में भी अगर विशेष जाति की मछली आ जाती, तो वे उसे समुद्र में छोड़ देते। सरिता के पिता ने उसे बताया था कि वह मित्र मछली है।वह खतरे में पड़े मनुष्य की सहायता करती है।एक दिन मछुआरे समुद्र में मछलियाँ पकड़ने गए थे। तभी तूफ़ान आ गया। सभी मछुआरे वापस आ गए पर सरिता के पिता कुछ समय बाद वापस आए। उन्हें देखकर सरिता बहुत खुश हुई।

**प्र०1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

क) गाँव के मुखिया का क्या नाम था और उसके पास क्या थीं?

ख) सरिता अकसर कहाँ खेला करती थी?

**प्र०2 निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए--**

क)नौकर -मालिक, सेवक, महक

ख) खुश-प्रसन्न, परेशान ,अग्नि

**प्र०3 सही (✓ ) या गलत (x)** का **निशान लगाइए-**

क) मछुआरे समुद्र में कछुए पकड़ने गए थे। ( )

**प्र०4 कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए-**

क)लिखकर अपने विचार दूसरों तक पहुँचाना भाषा का______रूप कहलाता है। (लिखित, सांकेतिक)

ख) बातें करना ______ का मौखिक रूप है। (भाषा, व्याकरण)

ग)अपने मन के ______ एक-दूसरे से बाँटने का माध्यम भाषा है। (विचार, लिपि)

**प्र०5) सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

क) टेलीफ़ोन पर बात करना भाषा का कौन-सा रूप है?

अ) लिखित ब) मौखिक स) काल

ख) भारत की राष्ट्र भाषा कौन-सी है?

अ) अंग्रेज़ी ब) असमी स) हिंदी